Date :- 04-01-2024
Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

मेट्रो लाइन-2 • 198 करोड़ से 16.95 एकड़ में बन रहा मेट्रो का डिपो

भेसाण में मेंटेनेंस डिपो का निर्माण शुरू, यहां स्टेब्लिंग लाइन पर मेट्रो ट्रेन के रेक पार्क होंगे

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो लाइन-2 के लिए भेसाण में डिपो बनाने का काम भी शुरू हो गया है। मेट्रो लाइन-2 सारोली से भेसान के बीच 19.26 किमी लंबा एलिवेटेड मार्ग है। इसमें 18 एलिवेटेड स्टेशन बन रहे हैं। भेसान डिपो को बनाने में कुल 198.93 करोड़ का खर्च होगा। इसे बनाने का काम रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा किया जा रहा है। इस डिपो का निर्माण 16.95 एकड़ में हो रहा है। मेट्रो रेल के अधिकारियों ने बताया कि



मेट्रो लाइन-2 के डिपो में स्टेब्लिंग लाइन होंगी, जिस पर मेट्रो रेक पार्क होंगे। यहां मेट्रो ट्रेन रोलिंग स्टॉक के लिए कॉरिडोर बनाया जाना है, जिसमें मरम्मत की जाएगी। साथ ही इसमें ट्रैक, बिल्डिंग, जलपूर्ति, एल्क्ट्रिकल, ट्रैक्शन, सिग्नलिंग और टेलीकॉम का भी काम किया जाएगा।

डिपो में होंगी ये सुविधाएं

- स्टेब्लिंग लाइन
- शेड्यूल इंस्पेक्शन लाइन
- वर्कशॉप
- ट्रेन की ओवरहालिंग
- अनशेड्यूल मेंटेनेंस
- व्हील प्रोफाइलिंग